## आज का विचार

समझौते या सहमति के लिए दोनों पक्षों को थोड़ा-थोड़ा झुकना भी पड़ता है। समझौता अपनी शर्तों पर नहीं बल्कि आपसी सहमति से संभव होता है।
(शिवकुमार त्रिवेदी चिंतन सरिता)

दैनिक लोकजीवन

## कांग्रेस गठबंधन की संभावना ......

लोकसभा चुनावों को लेकर भाजपा व कांग्रेस दोनों ही पूरी ताकत के साथ तैयारी में जुट रही है क्योंकि भारतीय जनता पार्टी लगातार तीसरे बार अपने बेहतर प्रदर्शन को जारी रखना चाहती है। जिसने 2024 व 2019 में सभी पच्ची सीटें जीतकर कांग्रेस का खाता भी नहीं खुलने दिया। हालांकि 2019 में भाजपा ने हनुमान बेनीवाल की पार्टी से समझौता कर नागौर सीट उन्हें दी थी इसलिए अकेले भाजपा की 24 तथा एक सीट पर बेनीवाल विजयी रहे। जिन्होंने किसान आंदोलन के समर्थन में राजग से नाता तोड़ लिया और हाल के विधानसभा चुनाव में उन्होंने दो सीटें जीती। विधानसभा चुनाव के दौरान मिले मतों को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस को लगता है कि लोकसभा चुनाव में उसे आशातीत सफलता मिल पायेगी। भाजपा तो चुनाव घोषणा पत्र की तैयारी करते हुए आम लोगों से सुझाव मांगे है ताकि क्षेत्रवार उन्हें चुनाव घोषणा पत्र में शामिल किया जा सके। अभियान के दौरान चयनित सुझावों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से वार्ता का भी मौका मिल सकता है। प्रदेश में भजनलाल सरकार के गठन के साथ ही लोकसभा चुनाव की रणनीति पर विचार आरंभ हो गया। वैसे भी भाजपा इस दृष्टि से लगातार सक्रिय रहकर हर समय चुनाव के लिए तैयार ही रहती है। पार्टी ने सीटों को तीन श्रेणियों में बांटकर सी श्रेणी की सीटों पर सबसे अधिक ध्यान देने की रणनीति बनाई है ताकि पिछले अन्तर का बढ़ाने की दिशा में काम हो।

कांग्रेस पुराने उम्मीदवारों की बजाय नये चेहरों पर दांव लगाने की रणनीति पर काम कर रही है ताकि युवाओं को अवसर दिया जा सके। नये होने से क्षेत्र में लोगों का किसी प्रकार का पूर्वाग्रह होने की गुंजाइश नहीं रहती। यही कारण है कि बड़े नेता स्वयं चुनाव लड़ने की बजाय युवाओं को अवसर देने की पैरवी कर रहे है। कांग्रेस तीसरे मोर्चे की पार्टियों से गठबंधन की भी संभावनाएं तलाश रही है। ताकि भाजपा को कड़ी टक्कर दी जा सके। संगठन ने इसके लिए पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व वरिष्ठ नेता मोहन प्रकाश को जिम्मेदारी सौंपी है। हनुमान बेनीवाल की आरएलपी आदिवासी क्षेत्र की बाप पार्टी और आप पार्टी से तालमेल बिठाने की संभावनाएं नजर आ रही है। फिलहाल प्रदेश में गठबंधन को लेकर कोई स्पष्ट दिशा निर्देश नहीं है और नहीं किसी दल से कोई ठोस सहमति बन पाई है बाप पार्टी से साथ मिलकर कांग्रे बांसवाड़ा, डूंगरपुर और उदयपुर लोकसभा से चुनाव लड़ने के लिए प्रारंभिक चर्चा थी लेकिन बाप पार्टी को लगता है कि कांग्रेस के साथ गठबंधन करके खुद के लिए घाटे का सौदा करना है। वहीं बाप पार्टी भी अपनी शर्तों से पीछे हटने को तैयार नही। आरएलपी भी दो लोकसभा सीटें चाहती है। आज आवश्यकता इस बात की है कि गठबंधन के लिए जमीनी हकीमत के अनुरूप तालमेल हो ताकि समझौते की संभवना बढ़ सके।

## कड़वी घूंट -सूरज

### ईनामी राशि - 50 पैसे ...

अपने किसी काम में सहयोग के लिए किसी को भी प्रेरित करना टेढ़ा काम है क्योंकि वह हमारा काम है और हमसे नहीं हो पा रहा है। इसलिए किसी दूसरे के सहयोग की उम्मीद कर रहे है। लेकिन किसी दूसरे को क्या गरज है कि अपना काम छोड़कर आपकी मदद करने को आएगा। यदि प्रलोभन दिया जाय या आकर्षक ईनाम का प्रस्ताव किया जाय तो ईनाम के लालच में ही सही आपकी मदद की कोशिश करेगा कि शायद ईनाम पाने में सफल हो जाय।

विपरित इसके किसी अपराधी को ढूंढने या ढूंढ कर लाने वाले को दिया जाने वाला ईनाम अपराधी की हैसियत के अनुरूप होता है आम अपराधी पर ईनाम नहीं रखा जाता। खूंखार या शातिर अपराधी पर ही ईनाम घोषित किया जाता है ताकि आमजन ईनाम के लालच में ही सही उसे पकड़वाने में मदद करें। तो क्या ईनाम की राशि अपराधी का कद बढ़ाने वाली होती है।

हां अपराधी पर जितनी बड़ी राशि का ईनाम होगा उसे उतना ही बड़ा अपराधी माना जाता है लेकिन झुंझुनू में एक अनूठा मामला सामने आया। जहां पुलिस अधीक्षक ने एक आरोपी पर पूरे पचास पैसे का ईनाम घोषित किया। उक्त आरोपी को जो भी पकड़ेगा। उसे पचास पैसे ईनाम मिलेंगे। एमपी का कहना है कि अपराधी की समाज में वेल्यु बहुत कम है। लेकिन ज्यादा राशि घोषित कर हम अपराधी की वेल्यू को ही बढ़ा देते है। इसलिए यह समाज में सकारात्मक संदेश है। अब यह आप जानो कि ईनामी अपराधी राशि के अनुरूप भले ही बड़ा मान लिया जाय लेकिन समाज है तो अपराधी को हेय दृष्टि से ही देखा जाता है।

# रक्तदान कर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**लोकजीवन न्यूज नेटवर्क, जयपुर**

गुलाबपुरा। आगूचा में भगत मंडली आगूचा एवं समस्त ग्राम वासियों के संयुक्त तत्वाधान में पुलवामा हमले में शहीद हुए देश के वीर शहीदों के सम्मान में रक्त अर्पण श्रद्धांजलि स्वरूप रक्तदान शिविर पंचायत समिति हुरडा प्रधान कृष्ण सिंह राठौड़, रक्तदान प्रणेता राजेंद्र माहेश्वरी, आगूचा सरपंच प्रतिनिधि जितेंद्र नागर, मंडल अध्यक्ष गजमल गुर्जर रामेश्वर नागला चौकी प्रभारी उमराव प्रसाद गुर्जर,ने देश के महापुरुषों एवं वीर शहीदों के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर शुभारंभ किया। रक्त वीरों ने इंकलाब जिंदाबाद एवं वीर शहीद अमर रहे के नारे लगाये। प्रधान राठौड ने रक्त वीरों का उत्साह



वर्धन करते हुए बताया कि ग्राम आगूचा में धार्मिक कार्यों के साथ-साथ युवा साथियों का सामाजिक सरोकार्य मे योगदान एवं सहयोग प्रशंसनीय है। रक्तदानियों के उत्तम स्वास्थ्य एवं इस पुनितकार्य में सहयोग करने वाले सभी को शुभकामनाएं दी। शिविर में केशव ब्लड बैंक देवली एवं रामसनेही ब्लड बैंक भीलवाड़ा द्वारा रक्त संग्रहित किया जाएगा। भगत मंडली एवं जीवन ज्योति रक्तदाता समूह कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लोकतांत्रिक जीवन के मूल्यों को सीखकर राष्ट्र निर्माण में दें योगदान - मेवाड़ा



**लोकजीवन न्यूज सर्विस, विजयनगर**

लोकतांत्रिक जीवन के मूल्यों को सीखकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें यह उद्गार पालिकाध्यक्ष अनिता मेवाड़ा ने राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित सात दिवसीय शिविर में मुख्य अतिथि पद से बोलते हुए किए। मेवाड़ा ने कहा कि स्वयंसेविकाओं को आत्मनिर्भर बन कर प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। शिविर में श्रम , रचनात्मक गतिविधियों व सामुदायिक सेवा कार्यक्रम में भाग लेकर राष्ट्र निर्माण में सहयोग करें। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत आयोजित सात दिवसीय शिविर में विघालय प्रधानाचार्य डा कुजंलता सारस्वत ने बालिकाओं को आत्मनिर्भर होने का अर्थ समझाया। शिविर व राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी कल्पना सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य बताते हुए बेहतरीन मंच बताया। इससे एक दूसरे के दृष्टिकोण को समझने व विचारशील होने का मौका मिलता है। इस दौरान निबंध प्रतियोगिता की गई। शिविर में शारिरिक शिक्षिका कांता चौधरी ने स्वयं सेविकाओं को आत्मरक्षा कौशल का प्रशिक्षण दिया। शिविर 13 फरवरी से 19 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा।

## चंबल परियोजना के पाइपों में किये होल, व्यर्थ बह रहा पानी

बनेड़ा। बालेसरिया ग्राम पंचायत के राजस्व ग्राम हाथीपुरा में चंबल परियोजना के पाइप लाइन में अवैध नल कनेक्शन लेने के कारण तथा अवैध हॉल कर देने से गांव में व्यर्थ बह रहा है पीने का पानी कोई सुनने वाला ही नहीं। जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने बालेसरिया सरपंच को लिखित में एक ज्ञापन देकर हाथीपुरा में चंबल परियोजना की पाइपलाइन में अवैध नल कनेक्शन लेने वालों के खिलाफ तथा अवैध पाइपलाइन में होल कर देने से गांव में पीने का पानी व्यर्थ बह रहा है। ग्रामीणों ने चंबल पाइप लाइन से अवैध नल कनेक्शन तथा अवैध होल प्रशासन से हटाने की मांग की है।


## नाम परिवर्तन

मैं शपथ पूर्वक निवेदन कर रही हूँ कि मेरा आधार कार्ड में नाम श्रीमती सुशीला देवी अग्रवाल पत्नी जवाहर लाल अग्रवाल अंकित है और महिला अर्बन बैंक में मेरे खाते में मेरा नाम श्रीमती सुशीला देवी प्रह्लादका पत्नी जवाहर लाल अग्रवाल दर्ज है। उक्त दोनों ही नामों से मुझे जाना पहचाना जाता है। अतः भविष्य में मुझे श्रीमती सुशीला देवी अग्रवाल पत्नी जवाहर लाल अग्रवाल के नाम से जाना पहचाना जावे।
पता-कैलाश भवन, सेशन कोर्ट के पास, जिला- भीलवाड़ा (राजस्थान)


# विद्यार्थियों को वितरित किये स्कॉलरशिप के चेक



**लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा**

राजस्थान प्रदेश कोली ऑफिसर सोसाइटी की ओर से प्रतिभावान विद्यार्थियों को वीरांगना झलकारी बाई सभागार में स्कॉलरशिप के चेक वितरित किए गए। जिसमे कोली समाज शिक्षा जागृति परिषद् द्वारा 34 आवेदन प्राप्त किए गए उनमें से 12वी के 5 छात्र छात्राओं को 5-5 हजार रुपए के और 10वी के 6 छात्र छात्राओं 2-2 हजार के चेक वितरित किए गए। सोसाइटी अध्यक्ष रमेश चंद्र कोली ने बताया कि छात्रवृत्ति पाए जाने वालों में 10वी, 12वी के विद्यार्थी रहे जिन्होंने 75% से अधिक अंक लेकर आए। इसी के साथ डॉ सहवाल, डॉ राज कुमार खंडेलवाल, भागीरथ बछापरिया ने कोली समाज शिक्षा जागृति परिषद् की एक सकारात्मक पहल के लिए सराहा। इस दौरान राम चंद्र फतेहपुरिया, राम लाल तलाया, हेमंत सुवालिया, सूरजमलगडोरिया, भाग चंद गडोरिया, सोहन खटूम्बरा, निर्मल बोथेडिया, बंशी लाल बछापरिया, राजमल फतेहपुरिया, रमेश चंद्र कोली, रतन सपावसिया, रवि तलाया, गुलाब चंद आमेरियां आदि मौजूद रहे।


## RANJAN POLYSTERS LIMITED

Regd. Office: 11-12th K.M Stone, Chittorgarh Road, Guwardi, Bhilwara- 311001 (Rajasthan).
Email: ranjanpoly@gmail.com, Website: www.ranjanpolysters.com
CIN: L24302RJ1990PLC005560, Tel No.- 01482-297132

**EXTRACT OF UNAUDITED STANDALONE FINANCIAL RESULT FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED 31ST DECEMBER, 2023**

(Rs. in Lacs, except as stated)

| Sr. No. | Particulars | Unaudited | | | | Audited |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | Nine Month Ended | | Year Ended |
| | | 31.12.2023 | 31.12.2022 | 31.12.2023 | 31.12.2022 | 31.03.2023 |
| 1. | Total Income from Operations (Net) | 2195.34 | 2112.79 | 6895.36 | 6183.01 | 8433.65 |
| 2. | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 198.68 | 77.52 | 553.83 | 222.53 | 398.93 |
| 3. | Net Profit / (Loss) for the period before Tax(after Exceptional and/or Extraordinary items) | 198.68 | 77.52 | 553.83 | 222.53 | 398.93 |
| 4. | Net Profit / (Loss) for the period after Tax(after Exceptional and/or Extraordinary items) | 143.14 | 56.64 | 403.71 | 151.67 | 284.19 |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 142.32 | 56.30 | 401.24 | 150.67 | 280.90 |
| 6. | Equity Share Capital (Face Value Rs. 10/- each) | 300.09 | 300.09 | 300.09 | 300.09 | 300.09 |
| 7. | Reserve excluding Revaluation Reserve as per balance sheet of previous accounting year. | | | | | 1051.97 |
| 8. | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations)- 1.Basic 2. Diluted | 4.77<br>4.77 | 1.89<br>1.89 | 13.45<br>13.45 | 5.05<br>5.05 | 9.47<br>9.47 |

Note:-
1 The above unaudited standalone financial results have been reviewed and recommended by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their respective meeting held on 13th February, 2024 at Bhilwara. The Statutory auditors have carried out a limited review of the results for the quarter and nine months ended 31st December, 2023.
2 The results for the Quarter and Nine Months ended 31st December,2023 have been restated to Comply with Ind AS to make them comparable with the Current Period. Further previous period figures have been regrouped/reclassified, wherever necessary, to confirm with the current period presentation.
3 The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly/ Nine month ended Financial Results is available on the Stock Exchange website, www.msei.inand on the company's website, www.ranjanpolysters.com.

By the order of the Board
S/d
MOHIT KUMAR BHIMSARIA
Director
DIN No. 00389098

Date: 13th February 2024
Place: Bhilwara